हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 8 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17.4 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

12 कड़ाके की सर्दी ने लोगों की करवाई न, जनजीवन ...



12 करीब 99 लाख की लागत से कई विकास कार्यों का ...



## खबर संक्षेप

### माथा टेककर लौट रही महिला को ट्रक ने कुचला




**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में पटियाला रोड पर ट्रक ने महिला को कुचल दिया। कुचले जाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला अपने बेटे के साथ अरुणाय मंदिर में माथा टेककर घर लौट रही थी, रास्ते में बेटा बाइक रोककर मूंगफली खरीदने के लिए सामने की दुकान पर चला गया, इसी दौरान हादसा हो गया। मृतक महिला की पहचान की रणजीत कौर (40) निवासी जुरासी खुर्द के रूप में हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी की एक कॉलोनी से युवक अपनी मां के साथ मिलकर युवती को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती की मां की शिकायत पर आरोपी युवक व उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय लड़की 31 दिसंबर को किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी।

### सिंगापुर भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 3.80 लाख

**यमुनानगर।** वर्क परमिट पर सिंगापुर भेजने के नाम पर शहर की बुटर विहार कॉलोनी निवासी अभय चहल से तीन लाख 80 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप विशाल पाल नामक युवक पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बुटर बिहार निवासी अभय चहल ने फर्कपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। जुलाई 2025 में उसकी मुलाकात विशाल पाल के साथ हुई। आरोपी ने उसे बताया कि वह कई लोगों को विदेश भेज चुका है। वह उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देगा।

### पानीपतः बिजली निगम का ट्रांसफार्मर चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव पुठर निवासी किसान परमजीत के खेत से चोरों ने 25 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर कर लिया। चोरों ने चार जनवरी की रात को चोरी की। इधर, परमजीत की सूचना पर एसडीओ बिजली निगम इसराना सब डिवीजन ने घटनास्थल जांचा। एसडीओ की शिकायत पर जहां इसराना थाना पुलिस ने घटनास्थल जांच अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया, वहीं बिजली निगम के उच्चाधिकारियों को भी ट्रांसफार्मर चोरी होने की लिखित जानकारी दे दही है।

## मुख्यमंत्री ने किया केयू के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन

# संस्कृति, शिक्षा, शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा केयू

***कई वर्षों से कुवि अपने कैलेंडर के माध्यम से शिक्षा एवं संस्कृति का कर रहा है प्रचार-प्रसार***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सिंह सैनी ने गुरुग्राम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वार्षिक कैलेंडर एवं धरोहर हरियाणा संग्रहालय के टेबल कैलेंडर का विमोचन करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध, संस्कृति सहित खेल के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले अनेक वर्षों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने कैलेंडर के माध्यम से शिक्षा एवं संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सिंह सैनी ने कहा ये दोनों ही कैलेंडर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की साल भर की गतिविधियों का प्रतिबिम्ब है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणवी संस्कृति एवं लोक कला के संरक्षण में भी अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।



कुरुक्षेत्र। केयू के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### लोक कला के 12 चित्र भी जारी

इसी कड़ी में केयू धरोहर कैलेंडर में हरियाणवी संस्कृति एवं लोक कला के 12 चित्र भी जारी किए गए हैं। इस अवसर पर हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य राव नरबीर सिंह के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मौजूद रहे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### सांस्कृतिक जड़ों को कर रहा मजबूत

सीएम के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय प्रशासन निरंतर नवाचार और संस्कृति संरक्षण के कार्यों को बढ़ावा दे रहा है, जिसका प्रतिबिंब इन कैलेंडरों में देखने को मिलता है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विमोचन अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षा और शोध के साथ-साथ प्रदेश की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने का कार्य जारी रखेगा।

## 20 जुलाई को हुई मौत का हुआ खुलासा, केस दर्ज

# यमुनानगरः पुत्रवधू ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी कमलेश की हत्या

***हत्या के दो महीने बाद आरोपी शिवानी प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

थाना छप्पर क्षेत्र के गांव हरगढ़ में 20 जुलाई 2025 को हुई 50 वर्षीय कमलेश की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका की पुत्रवधू व उसके प्रेमी गांव मामलीवाला निवासी राजेश के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला मृतक कमलेश के बेटे जितेंद्र सिंह की शिकायत पर दर्ज किया है। बताया जा रहा है की हत्या के दो महीने बाद आरोपी शिवानी अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई थी। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव हरगढ़ निवासी जितेंद्र सिंह ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी गांव मामलीवाला यमुनानगर निवासी शिवानी के साथ हुई थी। शादी के बाद जब वह काम पर बाहर जाता था तो शिवानी अपने प्रेमी गांव मामलीवाला निवासी राजेश को घर पर बुलाती थी। इस बात का पता उसकी मां कमलेश को लग गया। उसकी मां ने जब शिवानी को इस बारे डांटा तो शिवानी ने अपने प्रेमी राजेश के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शिवानी ने उसे फोन करके बताया कि मां कमलेश चारपाई से गिरकर घायल हो गई थी। जिस कारण उसकी मौत हुई है। उस समय उसने मां कमलेश का संस्कार करवा दिया था। जितेंद्र ने बताया कि मां की मौत के दो महीने बाद उसकी पत्नी शिवानी अपने प्रेमी के साथ उसके घर से भाग गई। उसके जाने के बाद उन्हें जब घर की साफ सफाई करते हुए खून से लथपथ कपड़े मिले तो उन्हें अंदेशा हुआ कि उसकी मां कमलेश चारपाई से गिरने से चोटिल नहीं हुई बल्कि शिवानी व राजेश ने उसके सिर पर चोट मार कर हत्या की है। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना छप्पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

> **आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा**
>
> दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> -राजवीर सिंह सब इंस्पेक्टर, जांच अधिकारी

## महिला को कार चालक ने मारी टक्कर, मौत

**अंबाला।** मिट्ठापुर के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी। महिला करीब 20 फुट तक सड़क पर घसीटती चली गई। हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मृतक महिला की पहचान मोदी भट्टे पर काम करने वाली पुष्पा के रूप में हुई है। मृतका के देवर ने बताया कि वह दवाई लेने के लिए मिट्ठापुर आई थी। जब वह सड़क पार कर रही थी तभी तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर मारने के बाद चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल भिजवाया। जांच अधिकारी रघुबीर सिंह ने बताया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

### फरार चल रहे आरोपी को काबू कर जेल भेजा

**बराड़ा।** थाना मुलाना में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी गुरदीप उर्फ लवली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत द्वारा पहले ही पीओ घोषित किया जा चुका था। पुलिस चौकी कलालटी के इंचार्ज एएसआई विश्व बंधु के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। न्यायालय द्वारा आरोपी को बंद सेंट्रल जेल भेजने के आदेश दिए गए जिसके बाद उसे सेंट्रल जेल भेज दिया गया। आरोपी लंबे समय से कानून से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

## एचएसजीएमसी का 104.5 करोड़ का बजट पास : जगदीश सिंह झींडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में बुधवार को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबरो ने 104 करोड़ 50 लाख 6 हजार 600 रुपये का बजट सर्वसम्मति से पास किया। यह दावा करते हुए प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने बताया कि बैठक में मैंबर्स ने हरियाणा कमेटी के बजट पर स्वीकृत्ति की मोहर लगाने के साथ-साथ संस्था में बलजीत सिंह दादूवाल को धर्म प्रचार चेयरमैन के पद से बर्खास्त करने पर भी सहमति जताई है। उधर, हरियाणा कमेटी के वरिष्ठ सदस्य दीदार सिंह नलवी ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा द्वारा बुधवार को बुलाए बजट इजलास में केवल 28 सदस्य उपस्थित हुए, जबकि कोरम 33 सदस्यों की उपस्थिति से पूरा होता है। कोरम पूरा न होने के कारण आज का बजट इजलास विफल हो गया।



कुरुक्षेत्र। हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, महासचिव अंग्रेज सिंह रानिया, संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, कार्यकारिणी समिति मेंबर करनैल सिंह निम्नाबाद व रूपिंदर सिंह जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कोरम पूरा नहीं, बजट इजलास रहा विफल, झींडा दें इस्तीफाः दीदार नलवी

हरियाणा कमेटी के वरिष्ठ सदस्य दीदार सिंह नलवी ने कहा कि बजट इजलास में केवल 28 सदस्य उपस्थित हुए, जबकि कोरम 33 सदस्यों की उपस्थिति से पूरा होता है। कोरम पूरा न होने के कारण आज का बजट इजलास विफल हो गया। गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं, नाडा साहिब (पंचकूला) में हरियाणा कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों की एक आपात बैठक हुई।

### पिकअप चालक से लूट के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस की टीम शाहपुर से लाखू बुआना रोड पर पिकअप चालक से लूट करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों मुकेश उर्फ रवि व हरीश निवासी गांव गढ़ी सरायनामदार खां सोनीपत और अमित निवासी वार्ड, को सोनीपत जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई।

## चोरों ने 75 हजार की नकदी, लाखों के आभूषण व अन्य सामान चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

चोरों ने तीन अलग-अलग स्थानों को निशाना बनाकर 75 हजार रुपये की नजदीक, आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। हरबंस पुरा कॉलोनी निवासी गीता रानी ने बताया जब वह वापस घर लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था जांच करने पर घर से अलमारी में रखे 20 हजार रुपये कैश तथा सोने पर चांदी के आभूषण गायब मिले। उधर, हुड्डा सेक्टर 17 जगाधरी निवासी जसवंत सिंह ने बताया कि वह किसी काम से बाहर गया था। जब वह पांच जनवरी को वापस कर घर लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर घर से 55 हजार कैश तथा सोने व चांदी के आभूषण गायब मिले। वहीं, हरबंस पुरा कॉलोनी निवासी दलजीत सिंह ने बताया चोरों ने दुकान से लोहे के कड़े, स्टील के कड़े, पीतल के कड़े, गर्ल पेंडल, स्टाइलिंग कैप, बढ़ाना व अन्य सामान गायब मिला।

**मौसम** | गेहूं की फसल के लिए धुंध पड़ना लाभदायक : कृषि वैज्ञानिक

# बर्फीली हवा चलने और कोहरे की चादर से मौसम में बनी 'हाड़तोड़ ठंड'

***नए वर्ष में लोगों को नहीं मिल रही राहत***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते चल रही बर्फीली हवा और कोहरा छाए रहने और आसमान में छाए धुंध के बादलों से नए वर्ष 2026 के सातवें दिन बुधवार को भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली है। बुधवार को मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा और बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं घरों में दुबकने को मजबूर रहे। वहीं, मौसम में कड़ाके की ठंड बढने के जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। उधर, कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो अधिक धुंध पड़ना पछेती गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है। बुधवार सुबह जैसे ही लोग नींद से जागे तो घना कोहरा छाया हुआ था और बर्फीली हवा चल रही थी।



यमुनानगर। बुधवार को सुबह के वक्त पड़े घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन। फोटो : हरिभूमि

### तापमान गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस पर आया

मौसम में कड़ाके की ठंड बढ़ने से बुधवार को जिला का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस रह गया। जबकि एक दिन पहले जिले का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस था।

> **फसलों में होगा फुटाव**
>
> कृषि विशेषज्ञ डॉ. रोहित ने बताया कि इन दिनों अधिक कोहरा छाया रहना पछेती गेहूं की फसल के लिए काफी लाभदायक है। क्योंकि कोहरा छाया रहने से मौसम में ठंडक बनी रहने से पछेती गेहूं की फसल में ग्रोथ बढ़ने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गेहूं की पछेती बिजाई अधिक की जाती है। जिसे धुंध का काफी लाभ मिलेगा।




## खबर संक्षेप



### रेलवे स्टेशन पर भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

**करनाल।** नववर्ष के पावन अवसर पर करनाल रेलवे स्टेशन परिसर में दुकानदारों और ई-रिक्शा चालकों ने आपसी सहयोग से भंडारे का आयोजन कर सामाजिक समरसता और सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। भंडारे में स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों, राहगीरों और स्थानीय लोगों को श्रद्धा भाव से आलू-पूरी का प्रसाद वितरित किया गया। इस सेवा कार्य में रोनित सचदेवा, बाबा पाल, बाबली प्रधान, संजय (सदर बाजार), रवि, चाचा खट्टर, बिट्टो, सोनू मलिक, गुलशन, राजू, धर्मपाल और सोनू पंडित का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने बताया कि नववर्ष की शुरुआत जनसेवा और मानव कल्याण के संकल्प के साथ करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने वितरण की व्यवस्था संभाली, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।



### गुरु नानक खालसा कॉलेज में जागरूकता अभियान

**करनाल ।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन, सेक्टर-8 दिल्ली की टीम द्वारा साइबर सुरक्षा की पालना तथा ट्रैफिक नियमों की अनुपालना को लेकर विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव शर्मा की टीम ने कॉलेज का दौरा कर पोस्टरों के माध्यम से साइबर क्राइम, ट्रैफिक नियम, चालान की धाराएं, फाइन राशि तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### कुवि में आज जुटेगी कश्मीर की युवा शक्ति

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर के 30 प्रतिभावान छात्रों का एक विशेष प्रतिनिधिमंडल 8 जनवरी 2026 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक परिसर का दौरा करेगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल द्वारा सबसे पहले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा का प्राथमिक उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों के युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता और आपसी समझ को बढ़ावा देना है, ताकि युवा पीढ़ी भारत की विविधता और साझा विरासत को करीब से समझ सके। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस दौरे का एक खास आकर्षण इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों के साथ होने वाला विशेष संवाद सत्र रहेगा।

---

**छात्रों के सीखने की और अध्यापकों के सिखाने की गति में तालमेल जरूरी**

### पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में प्रशिक्षण कार्यक्रम

# निपुण हरियाणा मिशन बच्चों के भविष्य को मजबूत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत अध्यापकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राध्यापक डॉ. पंकज शर्मा व डॉ. रमेश ने संबोधित किया। इस मौके पर डॉ पंकज शर्मा ने कहा कि बच्चों की सीखने की गति और अध्यापकों के सीखने की गति में तालमेल होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कक्षा एक से तीन तक के विद्यार्थियों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करना तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान भाषा एवं गणित विषयों में निपुण लक्ष्य प्राप्त करने हेतु विभिन्न शिक्षण विधियों, गतिविधि आधारित शिक्षण, शिक्षण सहायक सामग्री के प्रयोग तथा सतत एवं समग्र मूल्यांकन पर विस्तार से चर्चा की गई।


इंद्री। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्यापकों को प्रशिक्षण देते ट्रेनर।

#### विशेष सहायक शिक्षण योजना बनाई जाए

प्रशिक्षकों द्वारा अध्यापकों को कक्षा कक्ष में बच्चों की सहभागिता बढ़ाने, सीखने की गति के अनुसार शिक्षण करने तथा कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के उपाय बताए गए। उन्होंने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को मजबूत बनाने का एक संकल्प है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक अध्यापक की जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि कोई भी बच्चा बुनियादी पढ़ने, लिखने और गणना करने से वंचित न रहे। प्रशिक्षण कार्यशाला में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने कहा कि बच्चों से संवाद किए बिना उनके मौलिक प्रवृत्तियों एवं क्षमताओं के बारे में सही आकलन नहीं किया जा सकता। उन्होने कहा कि कक्षा एक से तीन के सभी बच्चों के निपुण लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाए। कमजोर एवं पिछड़े विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए विशेष सहायक शिक्षण योजना बनाई जाए। उन्होने कहा कि अभिभावकों को भी बच्चों की शिक्षा से जोड़कर उनके सहयोग को सुनिश्चित किया जाए। सभी अध्यापकों ने प्राप्त प्रशिक्षण को कक्षा कक्ष में लागू करने का संकल्प लिया, ताकि प्रत्येक बच्चा निपुण बन सके। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. करनैल चंद, बीआरपी धर्मेन्द्र चौधरी, कविता, डा बारूराम, सुखविंदर सिंह, मोनिका, महेंद्र कुमार, मानसिंह चंदेल व धर्मवीर लठवाल आदि मौजूद रहे।

---

### जिला प्रशासन के निर्देश पर निशानदेही की कार्रवाई शुरू

# पधाना गांव की 86 एकड़ पंचायती जमीन 18 तक होगी कब्जा मुक्त


कानूनगो व पटवारी पंचायती जमीन की निशानदेही करते हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने गांव पधाना की लगभग 86 एकड़ पंचायती जमीन को कब्जाधारियों से मुक्त करवा उसकी कानूनी बोली नीलामी कराने के लिए डी.सी करनाल को दिए निर्देश पर अमल शुरू हो गया हैं। पंचायत और राजस्व विभाग ने आला कानूनगो और पटवारी के साथ पंचायती जमीन की निशानदेही शुरू कर दी। वीडीपीओ साहिब सिंह ने बताया कि अठारह जनवरी तक जमीन की निशानदेही कर निर्देश अनुसार जमीन को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त करवाकर कोर्ट के आदेश अमल में लाए जाएंगे। हाईकोर्ट ने इस पूरी प्रक्रिया को नवंबर में दो माह के भीतर पूरा करने की समयावधि तय की थी। यह निर्देश हाई कोर्ट की युगल पीठ न्यायमूर्ति दीपक सिब्बल व न्यायमूर्ति लपिता बनर्जी ने पधाना निवासी देशराज व अन्य ग्रामीणों की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि पधाना गांव में स्थित 86 एकड़ पंचायती जमीन गौ चरांद के रूप में उपयोग होती आई है। लेकिन इस जमीन को बिना बोली करवाए प्रभावशाली लोगों को अवैध रूप से दे दिया गया।

#### कई वर्षों से जमीन की नीलामी नहीं करवाई

याचिका में आरोप लगाया गया था कि ग्राम पंचायत ने कई वर्षों से जमीन की नीलामी नहीं करवाई, जिससे सरकार को प्रतिवर्ष लगभग 46 लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। जबकि कोई भी व्यक्ति इस जमीन को नियमों के तहत ठेके पर ले सकता था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने डीसी करनाल को स्पष्ट निर्देश दिए कि जमीन को कब्जे से मुक्त कराया जाए, नियमों के अनुसार पंचायत की बोली/नीलामी करवाई जाए और पूरी कार्रवाई दो माह के भीतर पूरी की जाए। इन आदेशों के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। वीडीपीओ साहिब सिंह ने बताया कि छह सौ सात कनाल 12 मरले जमीन को निशानदेही करवा कर कब्जा मुक्त करवचा दिया जाएगा। यह काम आज शुरू हो गया। कोर्ट के आदेश अनुसार 18 जनवरी तक यह कारर्वाइ पूर्ण कर दी जाएगी।

---

### करनाल जिले में अब तक 40 हजार किसानों ने बनवाई आईडी

**करनाल।** राजस्व विभाग की एसीएस सुमिता मिश्रा ने कहा कि किसानों के लिए एग्री-स्टैक के माध्यम से आईडी बनवाना अनिवार्य है, अन्यथा पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ रुक जाएगा। उन्होंने वीसी के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों के साथ समीक्षा कर निर्देश में बताया कि एग्री-स्टैक भारत सरकार की एक प्रमुख डिजिटल परियोजना है, जिसके तहत भूमि, पहचान, फसल विवरण और सरकारी योजनाओं का एकीकृत डाटा तैयार किया जा रहा है। इससे ऋण, बीमा और सरकारी योजनाओं का लाभ लेना आसान होगा। जिले में अब तक 40 हजार किसानों की आईडी बन चुकी है।

### ब्लेंडर्स प्राइड ने ज़ेनिथ ब्लैक संस्करण प्रस्तुत किया

#### काले रंग में सजी विशिष्ट पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उन्नत श्रेणी की व्हिस्की के क्षेत्र में पहचानी जाने वाली ब्लेंडर्स प्राइड ने ज़ेनिथ ब्लैक संस्करण प्रस्तुत किया है। यह सीमित संख्या में उपलब्ध विशेष प्रस्तुति है, जिसे चुनिंदा लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। गहरे काले रंग में सजी यह बोतल गरिमा, आत्मविश्वास और विशिष्ट जीवन-दृष्टि का प्रतीक मानी जा रही है। केवल दस लाख बोतलों तक सीमित यह संस्करण दुर्लभता के साथ उत्कृष्ट गुणवत्ता को भी दर्शाता है। इस अवसर पर प्रणोद रिकॉर्ड इंडिया की मुख्य विपणन प्रमुख देवाश्री दासगुप्ता ने कहा कि ब्लेंडर्स प्राइड लगातार उच्च श्रेणी की व्हिस्की के मानकों को नया रूप देता आया है।

ज़ेनिथ ब्लैक संस्करण उसी परंपरा का परिष्कृत स्वरूप है, जिसमें विरासत, कारीगरी और विशिष्टता का सुंदर संगम दिखाई देता है। यह उन लोगों के लिए है जो श्रेष्ठता को केवल स्वीकार नहीं करते, बल्कि अपने जीवन में उतारते हैं। यह विशेष प्रस्तुति फिलहाल देश के चुनिंदा बिक्री केंद्रों पर ही उपलब्ध है।

### दुकान से सिलेंडर चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**करनाल ।** जिला पुलिस करनाल के थाना सेक्टर 32/33 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों अरुण पुत्र रमेश तथा रजत कुमार पुत्र पहल सिंह, निवासी गांव नेवल जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुछ नगदी तथा वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ईशम सिंह की शिकायत पर दिनांक 6 जनवरी 2026 को थाना सेक्टर 32/33 में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 5 जनवरी 2026 की शाम को गांव मंगलपुर रोड स्थित उसकी दुकान में घुसकर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गैस सिलेंडर चोरी कर लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

---

### भारत मंडपम में शिक्षा के स्वरूप पर रखेंगे विचार

**करनाल।** करनाल के जाने-माने शिक्षाविद् एवं युवा मेंटर मिहिर वैनर्जी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले 'विकसित भारत डायलॉग' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री से संवाद के लिए आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा 9 से 14 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के रोडमैप पर चर्चा की जाएगी।

मिहिर वैनर्जी ने बताया कि 12 जनवरी को प्रधानमंत्री देशभर से आए युवाओं से सीधा संवाद करेंगे, जिसमें उन्हें भी अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा। इस मंच पर वह शिक्षा व्यवस्था, उसके भविष्य और सुधारों को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत करेंगे। पिछले माह गुजरात में आयोजित यूनिटी मार्च में भी उन्हें देशभर के 125 युवाओं के साथ शामिल होने का अवसर मिला था। यह मार्च लगभग 182 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए निकाला गया था।


**करनाल।** वाहन पर रिफ्लेक्टर लगाते हुए पुलिस टीम।

### किसानों के वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

#### जिला पुलिस का जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला पुलिस करनाल द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शुगर मिल करनाल में किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉली व कृषि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप एवं स्टीकर लगाए गए। इस दौरान किसानों को ट्रैफिक नियमों का पालन, ओवरलोडिंग से बचाव, संकेतों का प्रयोग, सुरक्षित दूरी बनाए रखने व रात्रि में रिफ्लेक्टर के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जिला पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की अपील की।

### जिला योजनाकार विभाग ने चलाया पांच अवैध कॉलोनियों में पीला पंजा

#### कच्ची सड़कों और सीवरेज के पाइपों को ध्वस्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

जिला योजनाकार विभाग की टीम ने बुधवार को इंद्री में अवैध रूप से पनप रही पांच अवैध कॉलोनियों में पीला पंजा चला कर तोडफोड की कार्यवाही को अंजाम दिया।

जिला योजनाकार विभाग की इस कार्रवाई से कॉलोनाइजरों में हडक़ंप मच गया। इस दौरान जिला योजनाकार विभाग की टीम सबसे पहले गांव मटक माजरी से मुरादगढ़ रोड पर पहुंची और वहां पर दो जेसीबी मशीनों की सहायता से दो कालोनियों मे कच्ची सड़कों व सीवरेज के पाईपों को ध्वस्त किया। इसके बाद जिला योजनाकार विभाग की टीम ने गांव फाजिलपुर के पास, इंद्री -करनाल रोड पर दीवान कालोनी के नजदीक व इंद्री से कुरुक्षेत्र रोड पर अवैध कॉलोनियों मे कार्यवाही की। इंद्री के पास कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध रूप से दुकाने व इंद्री मे कई जगहों पर अवैध कॉलोनियां धड़ल्ले से काटी जा रही है। इस मौके पर डीटीपी गुंजन वर्मा, मार्किट कमेटी के सचिव जसबीर सिंह, जेई रोहित और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।


**इंद्री।** इंद्री के पास मटक माजरी से मुरादगढ़ रोड पर अवैध कॉलोनी में कच्ची सड़कों व सीवरेज के पाइपों को ध्वस्त करती जेसीबी।

#### यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

जिला नगर योजनाकार अधिकारी गुंजन वर्मा ने बताया कि इंद्री मे पनप रही पांच अवैध कॉलोनियों मे तोडफ़ोड़ की गई है। उन्होने बताया कि अवैध कॉलोनियों को पनपने नहीं दिया जाएगा और आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अवैध कॉलोनी में प्लॉट या दुकान नहीं खरीदें।

### पानी के मीटर लगवाने में करें सहयोगः एसडीओ

**तरावड़ी ।** तरावड़ी नीलोखेड़ी क्षेत्र के सभी शहर वासियों व तरावड़ी शहर वासियों से एसडीओ गुरमीत सिंह ने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा उपभोक्ताओं के पीने के पानी के कनेक्शन पर नए मीटर लगाने का कार्य अमृत 2 स्कीम के अंतर्गत करवाया जा रहा है।

अब तक विभाग द्वारा नीलोखेड़ी शहर में लगभग 2215 पानी के मीटर व शहर तरावड़ी में 2500 पानी के मीटर लगाए जा चुके हैं जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक पानी के मीटर नहीं लगवाया उनका पानी का बिल फ्लैट रेट 120 रुपए प्रति महीने के हिसाब से आता है यदि उपभोक्ता पानी का मीटर लगवाता है तो उपभोक्ता को लगभग 60 प्रति महीने की बचत होगी। अतः आप सब उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि पानी के मीटर अवश्य लगवाए विभाग द्वारा चलाई गई। स्कीम का लाभ उठाएं और साथ ही आम जनता से अपील है कि मीटर लगवाने मे सहयोग करे।

---

### वाहन चोरी के मामलों में दो युवकों से तीन मोटरसाइकिल बरामद की

#### नडाना रोड तरावड़ी से दबोचे गए दोनों आरोपी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



विगत शाम जिला पुलिस करनाल की एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चोरी के मामलों में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ इंचार्ज निरीक्षक इंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने उप निरीक्षक यशपाल सिंह की अध्यक्षता में विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहित उर्फ बच्ची पुत्र भीम तथा रिकी कुमार पुत्र प्रवीण कुमार, निवासी डायरी मोहल्ला, वार्ड नंबर 11 करनाल को नडाना रोड तरावड़ी से काबू किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा तीन मोटरसाइकिल बरामद की हैं।

#### न्यायिक हिरासत में भेजे

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने थाना सिविल लाइन, तरावड़ी तथा थाना घरौंडा क्षेत्र से अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था, जिनके संबंध में संबंधित थानों में मामले दर्ज हैं। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डीसी ने ली समीक्षा बैठक

# 26 जनवरी को पुलिस लाइन ग्राउंड में होगा समारोह

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

उपायुक्त विश्राम कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है और इसकी गरिमा को बनाए रखते हुए सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित दायित्वों का निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को पुलिस लाइन ग्राउंड करनाल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

बुधवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक लेते हुए उपायुक्त ने समारोह की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, मेधावी छात्रों, खिलाड़ियों, एनजीओ व समाजसेवियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। संबंधित विभाग 18 जनवरी तक नामों की सूची नगराधीश कार्यालय में भेजें।



**करनाल।** समीक्षा बैठक लेते हुए उपायुक्त विश्राम कुमार

1. **इन विभागों की झांकियां होंगी शामिल** : पुलिस विभाग, नगर निगम, शुगर मिल करनाल, हरियाणा रोडवेज, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, शिक्षा, आयुष, महिला एवं बाल विकास, वन, पंचायती राज, हैफेड, रेड क्रॉस सहित अन्य विभाग।
2. **परेड में शामिल होंगी ये टुकड़ियां** : पुलिस विभाग, गृह रक्षी, एनसीसी एयर विंग, एनसीसी आर्मी विंग एवं प्रजातंत्र के प्रहरी। मुख्य अतिथि द्वारा कर्ण पार्क स्थित शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया जाएगा।

#### विभिन्न विभागों की झांकियां शामिल होंगी

समारोह में परेड, स्कूली बच्चों का सामूहिक पीटी शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न विभागों की झांकियां शामिल होंगी। उपायुक्त ने सुरक्षा, स्वच्छता, बिजली, पानी, शौचालय, परिवहन, एंबुलेंस, सजावट, रिहर्सल व आमंत्रण पत्रों की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री गई लड़की लापता, शिकायत दी

**पानीपत।** पानीपत के औद्योगिक हुडा सेक्टर-29 थाना क्षेत्र से एक युवती संदिग्ध हालात में पांच जनवरी को लापता हो गई थी। वहीं लडकी के भाई ने अपनी बहन के साथ अनहोनी होने की आशंका के चलते पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने लडकी की गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, परिजनों ने लडकी की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि लडकी फैक्टरी में काम करती थी और पांच जनवरी को घर से काम पर गई थी और फिर वापस नहीं लौटी। पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में पानीपत से युवती लापता

**पानीपत।** पानीपत की कृष्णपुरा चौकी क्षेत्र में निवास कर रहे परिवार की 25 वर्षीय युवती छह जनवरी को संदिग्ध हालात में लापता हो गई। इधर, कृष्णपुरा पुलिस चौकी को दी शिकायत में लडकी के पिता ने अपनी पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए बताया कि उनकी बेटी छह जनवरी की सुबह आठ बजे घर से निकली थी, इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं है। परिजनों ने लडकी की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। इधर, पिता की शिकायत पर पुलिस ने लडकी की गुमशुदगी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### कंपकंपाती ठंड से जनजीवन प्रभावित

**पानीपत।** पानीपत में शीतलहर के साथ सूखी ठंड ने जीनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, उंझा के अनुसार दस जनवरी तक सूखी ठंड व शीतलहर का प्रकोप रहेगा। स्मरणीय है कि उत्तर पश्चिमी हवा बहने के कारण पहाड़ों से बर्फीली हवाएं मैदानों की ओर आ रही हैं, जिससे कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी हुई है। हवा बहने के कारण जहां कोहरा कम हुआ है वहीं दिन व रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि कोल्ड डे का मतलब है कि दिन और रात के तापमान में ज़्यादा फर्क नहीं होता और ठंड जारी रहती है।

### फैक्टरी से सिलाई मशीन चोर का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने देशराज कॉलोनी में फैक्टरी से सिलाई मशीन चोरी करने के आरोपी रोहित पुत्र राम भजन निवासी देसराज कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। इधर, थानेदार थाना तहसील कैंप दीवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने रोहित की निशानदेही पर फैक्टरी से चोरी की गई दो सिलाई मशीनें बरामद की है। वहीं, चोरी की उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में अंसल सुशांत सीटी निवासी सौरव छाबड़ा की शिकायत पर केस दर्ज है।

### बिजली चोरों पर सख्त कार्रवाई हो : मलिक

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन की बैठक लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुर्इ। जिसमें जिला में उर्जा संरक्षण पखवाड़ा मनाने व बिजली चोरी करने वालों को पकडवाने पर चर्चा हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा कुराना, उपाध्यक्ष प्रेम रावल ऊझा, राजपाल कश्यप एडवोकेट, परमजीत जागलान, देवेंद्र राणा, अनिल पंघ्याल,द स.जगजीत सिंह, दीपक मित्तल, देवेंद्र, शम्भू यादव, प्रिंयका शर्मा, बिजेंद्र काबड़ी एडवोकेट, मयंक मलिक, पारस वर्मा, मांगेराम मलिक, राधेश्याम गढ़ी व धर्मबीर मलिक आदि मौजूद रहे।

### किसानों को स्प्रे पंप पर मिलेगी सब्सिडी

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक कृषि उपकरणों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पावर ऑपरेटेड स्प्रे पंप सब्सिडी योजना 2025-26 लागू की जा रही है। इस योजना को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि छोटे और सीमांत किसान कम लागत में उन्नत तकनीक अपनाकर खेती को लाभकारी बना सकें। वहीं, योजना के तहत स्प्रे पंप खरीदने पर किसानों को सीधी आर्थिक सहायता दी जाएगी।

---

### डीएवी थर्मल स्कूल में स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने यज्ञ करना सीखा

# बच्चों को बचपन से ही दें भक्तिभाव और जनसेवा की शिक्षा : डॉ. नैन

**कार्यक्रम के दौरान बच्चों को योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। डीएवी स्कूल में थर्मल के सीई सूरजभान ने समाजसेवी डॉ. नवीन नैन भालसी का स्वागत दृश्य।

डीएवी थर्मल पब्लिक स्कूल में एनएसएस शिविर में थर्मल पावर स्टेशन के चीफ इंजीनियर व स्कूल के चेयरमैन सूरजभान ने समाजसेवी डॉ. नवीन नैन भालसी के साथ शिरकत की। वहीं यज्ञ में सीई सूरजभान व डॉ नैन ने यज्ञ किया। जबकि यज्ञ में पूर्णाहुति के पश्चात प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने अतिथियों का अभिनंदन किया। वहीं, छात्रा जन्नत श्रुति व निरुमणि ने स्वागत गीत गाया। दूसरी ओर, सीई सूरजभान ने कहा कि हर विद्यार्थी को एनएसएस में रह कर मानवता की सेवा करनी चाहिए। वहीं जीवन भर अपने अंदर सेवा के भाव को जागृत रखना चाहिए। जबकि डॉ नवीन नैन भालसी ने कहा कि विद्यार्थियों के अंदर बचपन से ही सेवा के भाव को जागृत करना चाहिए, इससे बच्चों में बचपन से ही जरूरमंद की सेवा करने की आदत बना जाएगी। इधर, डॉ गायत्री राठी ने बच्चों को नैतिक मूल्यों से अवगत कराते हुए कहा कि अच्छा इंसान तभी मनुष्य बनता है जब वह इस प्रकार के शिविरों में भाग लेता है। वहीं, कार्यक्रम अधिकारी शीशपाल शर्मा ने बच्चों को योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। स्कूल के पूर्व विद्यार्थी रहे बिजनेसमैन भारत बत्रा ने स्वयं सेवकों को सफल बिजनेसमैन बनने की विस्तार से जानकारी दी। इधर, सरपंच गांव सुताना सोनू ने बच्चों को अच्छे इंसान बनने की सलाह दी। वहीं, कैंप में बच्चों को पोस्को एक्ट, बाल मजदूरी और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इधर, पानीपत ट्रैफिक पुलिस कोऑर्डिनेटर कर्मबीर ने बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



पानीपत। राजकीय स्कूल में एनएसएस कैंप के समापन पर स्वयं सेवी विद्यार्थी।

#### जनसेवा के संकल्प के साथ कैंप का समापन

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजाखेड़ी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का समापन प्रधानाचार्या सुमित्रा सांगवान के नेतृत्व में धूमधाम से किया गया। प्रधानाचार्य सुमित्रा सांगवान ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एनएसएस प्रभारी संजीव कुमार शास्त्री ने बताया कि इस इस सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप में बच्चों को विशेष रूप से राष्ट्र के प्रति समर्पण भावना, संस्कारों की भावना, माता-पिता व गुरु का सम्मान व समाज में किस प्रकार रहना चाहिए के बारे विस्तार से बताया गया। इसके अलावा अब मार्च-अप्रैल में वार्षिक परीक्षा होगी उसकी तैयारी के लिए बच्चों को जागरूक किया। इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता प्रमोद कुमार, राजेश शर्मा, विकास शर्मा, कुसुम शास्त्री, पूजा, कर्मवीर सिंह प्राध्यापक अंग्रेजी, अविनाश, प्रवेश, सत्यवान व संजीव कुमार शास्त्री उपस्थित रहे।

---



पानीपत। जन सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन बुजुर्गों को गर्म वस्त्र भेंट करते हुए।

## समाज सेवा संगठन ने बुजुर्गों को दिए गर्म वस्त्र

- बुजुर्गों का आशीर्वाद भगवान से बड़ा होता है : प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

समाज सेवा संगठन की ओर से बुधवार को बुजुर्ग आश्रम वार्ड 11 में गर्म कपड़े वितरण किए गए। संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा समाज सेवा संगठन ने हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी 24 दिसंबर को गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरुआत की थी।

इसी कड़ी में आज बुजुर्ग आश्रम वार्ड 11 में बुजुर्गों को गर्म कपड़े वितरण किए और जिस किसी साथी ने जरूरतमन्द इलाके में या जिस किसी साथी के नॉलेज में ऐसे परिवार हों जिनको गर्म कपड़े की जरूरत है तो वह उनसे संपर्क कर सकता है। प्रवीण जैन ने कहा आज बुजुर्ग आश्रम इनकी सेवा करके जो खुशी मिली है वो कहीं भी और किसी भी किमत पर नहीं मिल सकती। बुजुर्गों का आशीर्वाद भगवान से बड़ा होता है। बुजर्गों की सेवा का मौका किस्मत वालों को ही मिलता है। उन्होंने बताया कि आगामी 11 जनवरी को जैन स्थानक अग्रवाल मंडी में आस पास के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों व आस पास की कालोनी में रहने वाले बच्चों को गर्म कपड़े वितरण किए जाएंगे। ये अभियान प्रभु इच्छा तक चलता रहेगा। इस अवसर पर प्रवीण जैन, गुलशन कटारिया, अमित जैन, राजिंद्र जैन व नीरज जैन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

---

## नियमों की अवहेलना पर खेतिहर व कृषक मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के दो केस रद्द

- इसराना मार्केट कमेटी की पहली बैठक हुई, क्षेत्र का तेजी विकास करवाया जाएग राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** इसराना मार्केट कमेटी के पदाधिकारी बैठक करते हुए।

इसराना मार्केट कमेटी के नव नियुक्त सदस्यों की पहली बैठक बुधवार को कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष राजेश जागलान ने की, जबकि संचालन सचिव पवन नागपाल ने किया। वहीं अध्यक्ष जागलान ने बताया कि मुख्यमंत्री खेतिहर एवं कृषक मजदूर जीवन सुरक्षा योजना 2013 से संबंधित दो मामलों को रद्द करने पर सहमति बनी। इन मामलों में नियमों का पालन नहीं किया गया था। कमेटी ने इन प्लाटों के नाम पीपीएम पोर्टल पर सरल पोर्टल के माध्यम से अपडेट करने और प्रस्ताव पारित कर जिला कार्यालय भेजने पर विचार किया। इधर, बैठक में मंडी प्रांगण में बनने वाली अलग सब्जी मंडी के लिए ई-नीलामी में अभी तक किसी बोलीदाता के सामने न आने पर भी चर्चा हुई। वाइस चेयरमैन विशाल गोयल ने यह मुद्दा उठाया। इसके अतिरिक्त, कार्यालय में फर्नीचर की मरम्मत और नए कंप्यूटर की खरीद पर भी चर्चा की गई और प्रस्ताव पारित किया गया। इसराना मार्केट कमेटी के नव नियुक्त सदस्यों की पहली बैठक बुधवार को कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष राजेश जागलान ने की, जबकि संचालन सचिव पवन नागपाल ने किया।बैठक में कमेटी स्टाफ सदस्यों आनंद मलिक, सुखबीर गवालडा, विजेंद्र पलड़ी, भीम सिंह अहर, सुरेश पंचाल, सुनील जागलान, शोभ राम, राजवीर मलिक, नरेश कुमार और अनिल कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

## इंसान के जीवन को नर्क बना देती है नशे की आदत : नरेंद्र सिंह

- पुलिस ने नशे के विरूद्ध विद्यार्थियों व ग्रामीणों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। नशे की लत के खिलाफ शपथ दिलवाती हुई पुलिस टीम।

पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम द्वारा बुधवार को जाटल गांव के सरकारी स्कूल में चल रहे एनएसएस कैंप में स्वयं सेवी विद्यार्थियों को व गांव में डोर टू डोर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने इस दौरान नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान बारे विस्तार से बताया। वहीं, नशे के विरूद्ध अभियान के जिला में नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। युवा देश का भविष्य है। युवा पढ़ाई के साथ खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाए, नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहे। उन्होंने कहा कि यदि गांव में कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे या नशा बेचने व करने की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

---

## जनगणना 2027 होगी भारत की पहली डिजिटल जनगणना: विवेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि देश में होने वाली जनगणना 2027 भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसको जिले में गंभीरता से पूर्ण किया जाएगा। जनगणना का कार्य 18 महीने तक चलेगा। इसको लेकर जनवरी के दूसरे सप्ताह में अधिकारियों को केंद्रीय टीम की तरफ से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिले के ग्रामीण क्षेत्र को तहसील स्तर पर और शहरी क्षेत्र को परिषद व पालिकाओं में विभाजित करके गणना की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में बैठक को संबोधित कर रहे थे।

#### अधिकारियों को निर्देश

इस बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय हरियाणा से सहायक निदेशक चंचल राजावत व जिला जनगणना प्रभारी मंजू जांगड़ा ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की जनगणना को लेकर तय किए गए बिंदुओं से अवगत करवाया और देश में होने वाली पहली डिजिटल जनगणना पर विस्तृत प्रस्तुति दी। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य द्वारा सभी संबंधित नोडल अधिकारी एवं चार्ज अधिकारियों को जनगणना से सम्बन्धित बिंदुओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए और भारत की जनगणना को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम अमन कुमार, डीडीपीओ विकास, जिला सांख्यिकी अधिकारी जसविंदर कौर, नायब

---

## मतलौडा, पानीपत और बापौली के शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** निपुण हरियाणा मिशन प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र दिखाते हुए शिक्षक।

निपुण हरियाणा मिशन के पानीपत जिला के तीन खंडों मतलौडा, पानीपत एवं बापौली में प्राथमिक शिक्षकों हेतु आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का पहला बैच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। खंड मतलौडा में आयोजित प्रशिक्षण का समापन राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मतलौडा में किया गया। इस प्रशिक्षण में खंड मडलौडा के कुल दो बैचों में 80 शिक्षक, पानीपत के 3 बैचों में 137 शिक्षक तथा बापौली के 1 बैच में 43 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य रिमेडियल टीचिंग, फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी एवं सेंसस असेसमेंट के माध्यम से शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षताओं को सुदृढ़ करना रहा। समापन पर डीईईओ सुभाष भारद्वाज, बीईओ अश्वनी तथा जिला निपुण समन्वयक अनिल मलिक उपस्थित रहे। डीईईओ सुभाष भारद्वाज ने कहा कि सभी को बच्चों की नींव मजबूत करने पर ध्यान देना होगा। इस अवसर पर पवन जांगड़ा, जिला निपुण समन्वयक अनिल मलिक, प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी प्रवक्ता शक्ति धर आदि मौजूद रहे।

---



**पानीपत।** जिला सचिवालय में एडीसी डॉ पंकज यादव बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

#### पानीपत के हर किसान का रजिस्ट्रेशन करेगा प्रशासन : डॉ यादव

**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त पानीपत डॉ पंकज यादव की अध्यक्षता में जिला पानीपत के सभी किसानों का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने बारे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी कण्व लाकड़ा सहित सभी तहसीलदार व कृषि विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। वहीं, डीआरओ लाकडा ने बताया कि अभी तक जिला पानीपत के 14 हजार 985 किसानों द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया जा चुका है। जबकि राजस्व विभाग के कर्मचारी तथा कृषि विभाग के कर्मचारी मिलकर गांव गांव जाकर किसानों का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। वहीं, एडीसी डॉ. पंकज यादव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव में मुनादी करवाकर किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए सूचित व जागरूक करें ताकि वे सरकार द्वारा समय समय पर किसानों को दी जा रही सुविधाओं का लाभ ले सकें।

---

### कार्यक्रम में 30 जरूरतमंदों को दिए कंबल

# रेडक्रास की नीतियों से जुड़कर जनसेवा का काम करें समर्थ नागरिक : डॉ सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



रोहतक। रेडक्रास में दिव्यांगों को कंबल भेंट करते हुए डॉ सुशील कुमार आदि।

जिला रेडक्रास सोसाइटी, पानीपत के परिसर में बुधवार को भारतीय रेडक्रास सोसाइटी महासचिव डॉ सुनील कुमार द्वारा बतौर मुख्य अतिथि रेडक्रास के प्रांगण में इंडियल ऑयल कारपोरेशन लिमिटिड के सौजन्य से सीएसआर के तहत दिव्यंगजनों को मोटराईज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान करने के उदेश्य से आयोजित मापतौल शिविर में शिरक्त की गई और संस्था द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान सचिव, गौरव रामकरण ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं, जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ पूजा पूजा सिंघल सहित अन्य स्टाफ सदस्य व स्वं सेवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सत्तर दिव्यांगों द्वारा मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल हेतु नामांकन करवाया गया और महासचिव डॉ सुनील कुमार ने 30 गरीब, जरूरतमंद व असहाय महिलाओं को कंबल भेंट करते हुए कहा कि रेडक्रास का उदेश्य प्रत्येक स्तर पर जरूरतमंद व गरीब व दिव्यांगजनों को सहायता पहुंचा कर उन्हें समर्थ बनाना है, ताकि वह लोग भी समाज के साथ जुड़ सकें।

#### 15 ने किया रक्तदान

सुनील कुमार ने कहा कि रेडक्रास सोसाइटी प्रत्येक जिलों में दिव्यांगों को उनकी जरूरत के यंत्र उपलब्ध करवाने के उदेश्य से नापतौल व वितरण शिविरों को आयोजन कर रही है, ताकि कोई भी व्यक्ति छुट ना सके। इस अवसर पर रेडक्रास के 15 स्वयं सेवकों व स्टाफ सदस्यों द्वारा मानवता की रह पर चलते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं, रक्तदाताओं को रेडक्रास बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इधर, डॉ सुनील कुमार ने समर्थ नागरिकों से से अपील की कि वह जरूरतमंद, गरीब, बीमार व असहाय लोंगों की मदद के लिए आगे आए।

---



**पानीपत।** पानीपत में विकास कार्य का शिलान्यास करते हुए विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल आदि। **फोटो : हरिभूमि**

#### पानीपत को विकसित नगर बनाएंगे: विधायक

पानीपत। पानीपत नगर निगम के वार्ड 20 में स्थित हीरो पार्क का सौंदर्यीकरण एवं योग हॉल बनाने का कार्य 1 करोड़ 30 लाख की लागत से होगा। वहीं, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी और स्थानीय पार्षद तरुण गांधी ने निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पार्क को शहर का सबसे सुंदर पार्क बनाने की नगर निगम की योजना है। पार्क में योगा हॉल, टॉयलेट ब्लॉक, ट्रैक, बैठने के लिए छतनुमा छायादार स्थान सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। इधर, पार्षद तरुण गांधी और पार्क के प्रधान हरीश मुटनेजा ने स्थानीय जनों की ओर से विधायक विज का धन्यवाद करते हुए कहा कि विधायक प्रमोद विज और मेयर कोमल सैनी के साझा प्रयासों का परिणाम है कि हीरो पार्क को शहर के सबसे सुंदर पार्कों में से एक बनाने का कार्य किया जाएगा। इधर, पार्क के सौंदर्यीकरण, योगा हॉल के निर्माण हेतु वे विधायक विज का आभार व्यक्त किया। जबकि वहीं मेयर कोमल सैनी ने कहा कि मेयर विधायक विज के सहयोग एवं विजन से पानीपत में तेजी से गुणवत्ता वाले विकास कार्य चल रहे है। इधर, विधायक विज ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार शहर के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है। वहीं, जल्द ही पानीपत में महिला कॉलेज बनाने की भी योजना है। इस कार्य पर सरकार मंथन कर रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, योगेश शर्मा, संजय कटारिया, सोनिया गाबा, सुरेन्द्र गाबा, रमेश नागपाल, डॉ. कश्मीरी लाल, केएल बजाज अदि मौजूद रहे।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**सरकार बनाम जनरल पब्लिक**
**वसीयत का इन्तकाल करने बारे नोटिस**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति चन्द्र कान्ता धर्मपत्नी श्री सोहन की मृत्यु दिनांक 22/05/2024 को हो चुकी है। जिन्होने एक वसीयत प्रलेख नम्बर 513/3 दिनांक 07/11/2023 एस० आर० साहब पानीपत अपने दोहते आदिराय शाह सुपुत्र श्रीमति नीलम धर्मपत्नी श्री रविन्द्र पाल शाह निवासी माडल टाउन पानीपत के हक में पंजीकृत करवाई थी। अब श्रीमति चन्द्र कान्ता धर्मपत्नी श्री सोहन की मृत्यु उपरान्त वसीयत का इन्तकाल न0 47040 रकबा पति राजपुतान तहसील व जिला पानीपत वसीयत की रूह से आदिराय शाह सुपुत्र श्रीमति नीलम धर्मपत्नी श्री रविन्द्र पाल शाह के नाम दर्ज किया गया है जिसको मन्जुर किया जाना है। प्रार्थी द्वारा अवगत करवाया गया कि उक्त प्रलेख आज तक कभी कैंसल नही हुआ है। इसलिये इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत के इन्तकाल का फैसला होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को या अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 7 दिन के अन्दर 2 मेरे कार्यालय में पेश कर सकते हैं। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत का इन्तकाल नियमानुसार कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 06/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने चोरी के मामले में संलिप्त आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। सीआईए-नारायणगढ़ उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि इस मामले शिकायतकर्ता राज कमल ने 3 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव बरौली में आरोपी प्रदीप व अन्य ने उसके ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### अंबाला शहर में चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्रम सिंह उर्फ राजन को गिरफ्तार किया है। परिवादी हसन ने 4 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 जनवरी 2026 नावल्टी चौक के पास से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी से अब मोटरसाइकिल बरामद की है।

### जान से मारने की धमकी के केस में आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने संलिप्त आरोपी अर्जुन उर्फ लवी व कार्तिक को गिरफ्तार किया है। परिवादी अंकित ने 15 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 दिसंबर 2025 को आरोपी अर्जुन उर्फ लवी व कार्तिक व अन्य ने उससे तथा उसके दोस्त से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी में आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मकान दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी से रूपये हड़पने के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। परिवादी संजय कुमार ने 30 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 अक्तूबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 के दौरान आरोपी अजय कुमार व अन्य ने आसा सिंह गार्डन में उससे मकान दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी से एक बड़ी रकम हडपने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### सार्वजनिक अपमान पर मेयर के तीखे तेवर

# कमिश्नर पर मानहानि का आरोप, पांच करोड़ मांगे

**कानूनी नोटिस भेजकर 15 दिन में मांगा जबाव, पैरवीकार बोले-पराजित विधायक से विकास योजनाओं का शिलान्यास कर मेयर के पद की गरिमा को जानबूझकर पहुंचाई गई ठेस...**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम की मेयर शैलजा सचदेवा व कमिश्नर वीरेंद्र लाठर की लड़ाई अब खुलकर सामने आ गई है। मेयर ने सार्वजनिक अपमान को लेकर अब कमिश्नर को लीगल नोटिस भेजकर पांच करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की है। मेयर ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के वकील जगदीप सिंह राणा के जरिए कमिश्नर को यह नोटिस भेजा है। नोटिस में राणा ने कमिश्नर पर अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करने के साथ ही नगर विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम एक पराजित विधायक के माध्यम से कराए जाने की अनुमति देने के आरोप लगाए। राणा का आरोप है कि इसके लिए कमिश्नर ने पराजित विधायक को प्रोत्साहित किया, जबकि उनकी मुवक्किल निर्वाचित मेयर एवं नगर निगम सदन को जानबूझकर इससे बाहर रखा गया। राणा ने नोटिस में कहा कि यह लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रतिकूल हैं। नगर निगम सदन की वैधानिक स्वीकृति से रहित है। सरकारी व्यय हेतु किसी भी प्रकार के वैध अनुमोदन या कानूनी संस्वीकृति के बिना है। नोटिस में कमिश्नर पर एक पराजित राजनीतिक व्यक्ति को नगर विकास से जुड़े सार्वजनिक कार्य संपादित करने की अनुमति देकर जानबूझकर मेयर की गरिमा एवं अधिकार को कम किए जाने के आरोप भी लगाए गए। उन्होंने कहा कि इससे जनता के समक्ष यह झूठा संदेश प्रस्तुत किया है कि मेयर अप्रासंगिक या शक्तिहीन है। लोकतांत्रिक जनादेश की पवित्रता को कमजोर किया है।

कि विधिसम्मत अधिकार के बिना तथा महापौर का उल्लेख किए बिना शिलापट्ट, पट्टिकाओं अथवा अभिलेखों की स्थापना एक सतत अवैध एवं मानहानिकारक कृत्य है। इसके अतिरिक्त नोटिस में राणा ने कहा कि उक्त सभी शिलान्यास, पट्टिकाएं एवं अभिलेख मेयर की अनुपस्थिति एवं उनकी सहमति के बिना किए जा रहे हैं जो मेरी गरिमा एवं छवि को क्षति पहुंचाने का आपका जानबूझकर किया गया प्रयास है।



मेयर शैलजा सचदेवा

**राणा ने नोटिस में कहा कि यह लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रतिकूल**

#### क्षति केवल प्रतीकात्मक या नाममात्र नहीं

कि मेरे मुवक्किल को हुई क्षति केवल प्रतीकात्मक या नाममात्र नहीं है बल्कि यह गंभीर, सतत एवं दूरगामी है जो वर्तमान एवं भविष्य में सार्वजनिक कर्तव्यों के निर्वहन को प्रभावित कर रही है। नोटिस में क्षतिपूर्ति की राशि का आंकलन 5,00,00,000 ( पांच करोड़ रुपये मात्र) किया गया है। इससे मेयर अपनी प्रतिष्ठा, गरिमा एवं परिणामी क्षति के लिए व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करने के अधिकारी है। वकील की ओर से जारी नोटिस में कमिश्नर को 15 दिनों के भीतर निर्वाचित मेयर अथवा नगर निगम सदन की अवहेलना, उपेक्षा अथवा अपमान करने वाले किसी भी कृत्य को तत्काल प्रभाव से बंद करने की बात कही गई। बिना वैधानिक स्वीकृति, गैरकानूनी रूप से एवं मेयर के अधिकारों के प्रतिकूल किए गए सभी शिलान्यास, पट्टिकाओं एवं औपचारिक कार्यों को हटाने, निरस्त करने एवं विधिसम्मत रूप से सुधार करने के निर्देश दिए गए। विधि के अनुसार नियमित रूप से नगर निगम सदन की बैठकों का आयोजन सुनिश्चित कर, निगम के विधिसम्मत कार्य संचालन को पुनः स्थापित करने की भी बात कही गई है। उन्होंने नोटिस में कहा कि मेरे मुवक्किल की मानहानि करने वाले अवैध कृत्यों को स्वीकार करते हुए एक लिखित स्पष्टीकरण एवं बिना शर्त माफी मांगी जाए। मेरे मुवक्किल को हुई क्षति की भरपाई के लिए 5,00,00,000/ का भुगतान किया जाए।

यदि निर्धारित 15 दिनों की अवधि में उपर्युक्त मांगों की पालन न होने पर कमिश्नर को कानूनी कार्रवाई का सामना करने की बात कही गई है। क्षतिपूर्ति वसूली के लिए दीवानी वाद दायर करने की भी बात ही गई है।

#### नोटिस में कहा

राणा ने नोटिस में यह भी कहा कि इससे मेयर की मानहानि एवं प्रतिष्ठा को क्षति कि कृत्यों एवं चूकों के परिणामस्वरूप उनकी मुवक्किल की प्रतिष्ठा, गरिमा एवं सार्वजनिक छवि को गंभीर एवं अपूरणीय क्षति पहुंची है। उन्होंने कमिश्नर पर मेयर के सार्वजनिक अपमान, अधिकारियों एवं नागरिकों के बीच अधिकार का ह्रास, पद के प्रति जनता के विश्वास का क्षरण, मानसिक पीड़ा एवं व्यावसायिक अपमान होने के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कमिश्नर का यह आचरण दीवानी एवं आपराधिक मानहानि, दोनों के दायरे में स्पष्ट रूप से आता है। मेरे मुवक्किल को जानबूझकर अक्षम, दरकिनार किया गया एवं अधिकारविहीन दर्शाया गया है।

### कई दिन तक कोहरा पड़ने की संभावना

# कड़ाके की सर्दी से आमजन का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित



- मौसम विभाग का दावा : ठंड के तेवर बरकरार रहने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ठंड ने लोगों की न करवाई हुई है। बुधवार को भी कड़ाके की ठंड से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित रहा। सुबह से शाम तक शीतलहर ने लोगों बेहाल किया। पिछले कई दिनों से तापमान कभी कम तो कभी बढ़ रहा है। मौसम में बदलाव होने से लोगों को परेशानी हो रही है और बीमारियां भी चपेट में ले रही हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन तक शीतलहर चलने के साथ घना कोहरा छाने की संभावना जताई है। इसके लिए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

#### आगे मौसम का हाल

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि कोहरा छाने से ठंड में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। घना कोहरा और शीतलहर चलने को लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ग्रामीण क्षेत्र में कोहरे का ज्यादा असर रहता है। इसी तरह 12 जनवरी तक कोहरा छाने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि 8 जनवरी को सुबह व शाम को घना कोहरा छा सकता है। दिन में मौसम साफ रहने के आसार हैं। 9 जनवरी को सुबह व शाम को घना कोहरा छा सकता है। दिन में मौसम साफ रहने के आसार हैं। 10 जनवरी को सुबह व शाम को घना कोहरा छाने की संभावना है।

*उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने दी जानकारी*

# विधवा व तलाकशुदा महिलाओं को कारोबार के लिए मिलेगा तीन लाख का ऋण

**अंबाला।** जिला प्रबधंक हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा विधवा व तलाकशुदा महिलाओं के लिए ऋण योजना चलाई जा रही है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि महिला विकास निगम के माध्यम से विधवा व तलाकशुदा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से 3 लाख रूपए तक के ऋण दिलवाने की योजना शुरू की गई है। जिला के लिए वित वर्ष 2025-26 का 50 केसों का लक्ष्य रखा गया है। स्कीम के अंतर्गत जिन महिलाओं की वार्षिक आय 3 लाख रूपए तक तथा आयु 18 से 60 वर्ष है इस स्कीम की पात्र होगी। इसमें कुल ऋण का 10 प्रतिशत हिस्सा महिला को स्वयं वहन करना होगा तथा शेष राशि बैंकों के माध्यम से दी जाएगी। बैंक ऋण के उपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा सब्सिडी के रूप में अदा की जाएगी।

#### इन कामों के लिए मिलेगा ऋण

जिला प्रबंधक सुमन बाला ने बताया कि विभिन्न क्रियाकलापों के लिए जैसे कि बुटीक, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, मसाला, आचार इकाइयों, खाद्य प्रसंस्करण, कैरी बैग का निर्माण, बेकरी, रेडीमेड गारमेंट्स, कम्प्यूटर जांच वर्कर्स इत्यादि तथा अन्य किसी भी कार्य जिसको महिला करने में सक्षम हो के लिए ऋण बैंकों के माध्यम से दिलवाए जाते हैं।

# आईएमटी का विरोध शुरू, दो गांवों के किसान बोले एक इंच जमीन नहीं देंगे

- भाकियू शहीद भगत सिंह से जुड़े किसान बोले- नडियाली व खैरा के किसी किसान ने आईएमटी के लिए जमीन देने के लिए नहीं किया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कुछ किसानों ने आईएमटी का विरोध भी शुरू कर दिया। इसको लेकर किसानों ने नडियाली गांव के गुरुद्वारा साहिब में बुधवार को अहम बैठक की। यह बैठक भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के नेतृत्व में हुई। किसानों ने आईएमटी के लिए जमीन न देने का फैसला लिया। किसानों ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने किसानों की बिना सहमति के कोई कदम उठाया तो यूनियन उसका विरोध करते हुए लड़ाई लड़ेगी।

#### जिला प्रधान गुरमीत सिंह माजरी ने कहा

भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के जिला प्रधान गुरमीत सिंह माजरी ने कहा कि नडियाली व खैरा के किसानों ने यूनियन को लिखित में संदेश दिया था कि वह आईएमटी के लिए अपनी जमीन को देना नहीं चाहते। इसके बाद किसानों ने यह बैठक रखी। किसानों ने कहा कि आईएमटी के लिए वह अपनी जमीन को नहीं देना चाहते हैं। किसानों ने यह भी कहा कि नडियाली व खैरा गांव के किसान अपनी जमीन देने के लिए सहमत नहीं है। वह अपनी जमीन से एक भी हिस्सा नहीं देना चाहते और न ही किसानों ने पोर्टल पर जमीन देने के लिए चढ़ाई है। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने बताया कि अगर सरकार बिना सहमति के आईएमटी के लिए किसानों की जमीन लेने को लेकर कोई कदम उठाती है तो उसका यूनियन हर तरीके की लड़ाई लड़ेगी।

### 15 साल बाद ब्लॉक बदलने की शर्त लगाना गलत

# प्राइमरी टीचरों ने ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध कर जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक राजकीय मॉडर्न संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हुई। इसकी अध्यक्षता खंड प्रधान तरविंदर शर्मा एवं वरिष्ठ अध्यापक नेता मोहनलाल ने की। बैठक में बड़ी संख्या में अध्यापकों ने भाग लेकर वर्तमान में चल रही ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर अपने विचार रखे। खंड प्रधान तरविंदर शर्मा ने कहा कि स्थानांतरण नीति में अध्यापकों को 15 वर्ष के ठहराव के बाद खंड बदलने का जो नियम लागू किया गया है। यह किसी भी प्रकार से न्यायोचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन जिलों में अध्यापकों की संख्या 95 प्रतिशत से कम है, उन्हें स्थानांतरण प्रक्रिया से बाहर रखना भी न्याय व्यवस्था के विपरीत है। ऐसी नीतियां अध्यापकों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।



अंबाला। बैठक में भाग लेने वाले शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

वरिष्ठ अध्यापक नेता मोहनलाल ने कहा कि यह स्थानांतरण नीति प्रदेश के स्वर्गीय सीएम बंसीलाल के समय की नीतियों की याद दिलाती है। बैठक में विद्यालयों में बिना वेतन के स्वैच्छिक रूप से सफाई कार्य कर रहे कर्मियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। इस पर सभी ने कहा कि जिन सफाई कर्मियों के नाम खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा पहले ही भेजे जा चुके हैं। उन्हें शीघ्र विभाग द्वारा नियुक्ति दी जानी चाहिए ताकि विद्यालयों में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। संघ के पदाधिकारियों ने विभाग के उच्च अधिकारियों से इन सभी मांगों का शीघ्र अति शीघ्र समाधान करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर सुरेंद्र मोहन, सुखबीर, रोहित, ओम लाल, प्रवेश, मीतू मित्तल, रजनी वाला, रेखा एवं गोल्डी सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।



अंबाला। निर्माण कार्यों का शुभारंभ करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा नेता बोले, सीएम की अगुवाई में हो रहा विकास

# 99 लाख की लागत से कई विकास कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में विकास का पहिया तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के सशक्त नेतृत्व और पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के सतत प्रयासों के चलते अंबाला शहर में लगातार लाखों और करोड़ों रुपये के विकास कार्य धरातल पर उतर रहे हैं। शहर को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने और नागरिकों को बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को अंबाला शहर के विभिन्न वार्डों में लगभग 98 लाख 73 हजार रुपये की लागत से विकास कार्यों की विधिवत शुरुआत की गई। इन विकास कार्यों का शुभारंभ भाजपा के मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, महामंत्री संजीव गोयल तथा संबंधित वार्डों के पार्षदों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 में लगभग 7.89 लाख रुपये, वार्ड नंबर 4 में लगभग 13 लाख रुपये, वार्ड नंबर 9 में करीब 38 लाख, वार्ड नंबर 12 में लगभग 39 लाख तथा वार्ड नंबर 20 में लगभग 9.59 लाख की लागत से विभिन्न कार्य शुरू किए गए हैं। इन कार्यों में सड़क निर्माण, गलियों का सुधार सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने से जुड़े कार्य शामिल हैं।

#### यह रहे मौजूद

भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शहर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल के मार्गदर्शन में अंबाला शहर को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं संबंधित वार्ड के निगम सदस्य हितेश जैन ने भी विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और जीवन स्तर में सुधार आएगा। इस मौके पर संजीव गोयल टोनी,गुरप्रीत सिंह शाना,अमन सूद,रोमी ग्रोवर,चंद्रमोहन फौजी,जसबीर सिंह,दिनेश सूद(पिंकू) अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### 720 मीटर लंबा यह पुल 11 मीटर चौड़ा होगा

# रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण 70 फीसदी पूरा, करीब तीन महीने में पूरा होगा काम

- करीब 20 करोड़ आएगी लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मानव चौक व अग्रसेन चौक के बीच बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य फिर शुरू हो गया है। 720 मीटर लंबाई वाले व 11 मीटर चौड़े बन रहे इस रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण से वाहन चालकों को बेहद फायदा होगा। काफी समय से ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लटका हुआ था। अब इसका 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि 30 प्रतिशत कार्य को 30 अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर समय-समय पर विकास परियोजनाओं पर समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से एवं पूरी गुणवत्ता से करने बारे निर्देश भी देते हैं। एनएचएआई के कार्यकारी अभियंता अरूण सिंहमार ने बताया कि इस परियोजना पर अनुमानित खर्चा 19 करोड 512 लाख रूपए आना है। परियोजना के तहत लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है और 30 प्रतिशत कार्य को अप्रैल 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि परियोजना के पूरा होने के बाद निर्माण एजेंसी चार साल तक इस कार्य का रख-रखाव करेगी। इस परियोजना एवं रेलवे ओवर ब्रिज बनने के बाद यातायात के आवागमन में आसानी होगी। पहले से ही यहां पर जो पुल बना हुआ है। उस पर वाहनों के ज्यादा आवागमन के कारण इस नए पुल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। पूर्व विधायक असीम गोयल ने इसे मंजूर करवाया था। उन्होंने बताया कि इस नए पुल के बनने से लोगों को काफी लाभ होगा।

#### काम तेजी से चल रहा

मानव चौक व अग्रसेन चौक के बीच निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए निर्माण एजेंसी व विभागीय अधिकारियों को इस कार्य को तेजी से करने बारे निर्देश भी दिए गए हैं। बता दें कि केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से एलिवेटिड वाया डक्ट फ्लाईओवर को लेकर मार्च 2024 में मंजूरी मिलने के बाद निर्माण के लिए करीब 4.85 करोड़ रूपए का बजट भी बढ़ाया गया है। डेटलाइन के मुताबिक इस पर काम भी चल रहा है।

### पीएम श्री विद्यालय में कार्यक्रम

# शिक्षण कार्य की रूपरेखा एवं रणनीतियों पर गहन मंथन

- दो दिवसीय रेमेडिएशन ट्रेनिंग के दो बैच साथ-साथ चलाए गए

**शहजादपुर।** पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय रेमेडिएशन ट्रेनिंग के दो बैच साथ-साथ चलाए गए। ट्रेनिंग के पहले दिन की शुरुआत प्रभु वंदना से की गई। इसके उपरांत हिंदी विषय में निपुण लक्ष्यों के अनुसार छात्र प्रगति ट्रैकिंग एवं शैक्षणिक सहयोग, रेमेडियल कार्य योजना की पृष्ठभूमि, दक्षता आधारित शिक्षण कार्य की रूपरेखा एवं रणनीतियां, रिमेडियल शिक्षण रणनीतियों एवं गतिविधियों के हैंड्स ऑन अनुभव आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं संबंधित गतिविधियां करवाई गई। इस दौरान केआरपी की भूमिका एबीआरसी रेखा रानी, परमजीत और गीता देवी द्वारा निभाई गई। डीआरजी की भूमिका बीआरपी डॉ. आरती त्यागी एवं बीआरजी की भूमिका बीआरपी नेहा रानी, वीना रानी, एबीआरसी पूनम रानी और एबीआरसी सुधा शर्मा द्वारा निभाई गई। ट्रेनिंग के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी के द्वारा निरीक्षण किया गया।

**खुशी** आईएएस संगीता तेतरवाल ने स्लम बस्तियों में रहने वाले बच्चों के साथ मनाई लोहड़ी

*बाल कल्याण परिषद के सौजन्य से अंबाला छावनी के बाल भवन में कार्यक्रम आयोजित*

# पर्व जीवन में खुशियां, सकारात्मक ऊर्जा व नई शुरुआत का देते संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बाल कल्याण परिषद के सौजन्य से अंबाला छावनी के बाल भवन में बुधवार को लोहड़ी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर की पत्नी तथा प्रदेश सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की निदेशक व विशेष सचिव (आईएएस) संगीता तेतरवाल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। तेतरवाल ने स्लम एरिया, झुग्गी बस्तियों, अनाश्रित बच्चों एवं बाल भवन से जुड़े बच्चों के साथ लोहड़ी पर्व मनाया। बच्चों को गर्म जैकेट, मूंगफली, रेवड़ी व गचक वितरित की। इस अवसर पर सीईओ शिवालिक बोर्ड पूजा कुमारी भी उपस्थित रहीं। जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक सहित अन्य अधिकारियों ने मुख्यातिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया। तेतरवाल ने उपस्थित सभी को नववर्ष, लोहड़ी एवं मकर सक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये पर्व जीवन में खुशियां, सकारात्मक ऊर्जा और नई शुरुआत का संदेश देते हैं। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर संवाद किया।





अंबाला। बच्चों के साथ नीचे बैठकर लोहड़ी मनाते हुए व आग जलाते हुए आईएएस संगीता तेतरवाल।

#### गणेश वंदना से शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ बाल भवन की बच्ची तान्या द्वारा गणेश वंदना से किया गया। मास्टर कुनाल ने ढोल प्रस्तुति दी। तनीषा शर्मा ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने मुख्यअतिथि का धन्यवाद किया। नववर्ष के अवसर पर आयोजित हैप्पीनेस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त द्वारा बच्चों के लिए गर्म जैकेट उपलब्ध कराने हेतु अपना एक माह का वेतन देने की घोषणा की गई थी। लोहड़ी उत्सव में बच्चों को जैकेट वितरित की गईं। उन्होंने कहा कि बाल भवन के माध्यम से बच्चों को नि-शुल्क शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक एवं कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें कैरियर परामर्श, नैतिक शिक्षा, थिएटर, नृत्य, ललित कला, योग, मार्शल आर्ट, कंप्यूटर, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर एवं खेल गतिविधियां शामिल हैं। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी राजेश पूनिया अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।